तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 21 फरवरी 2025



16 भागवत कथा ही एक मात्र साधन है, जो जीव को संतुष्टि एवं...



15 जिले के किसानों ने हजारों हेक्टेयर में ली ...






## खबर संक्षेप

### मराठा समाज की बैठक 23 को

**बालोद।** मराठा समाज की मासिक बैठक का आयोजन पेंशनर भवन शिकारीपारा बालोद में 23 फरवरी को 12 बजे से किया गया है। मराठा समाज अध्यक्ष डॉ आरएम मोरे ने बताया कि बैठक में मराठा समाज संगठन के लिए चुनाव किया जाना है। उन्होंने समाज के सभी सदस्यों से आवश्यक रूप से अपनी उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### 22 को होने वाली प्रायोगिक परीक्षा अब 25 को होगी

**डौंडीलोहारा।** शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौण्डी लोहारा के बीए तृतीय वर्ष विषय भूगोल के समस्त नियमित, अमहाविद्यालयीन, भूतपूर्व छात्र-छात्राओं की 22 फरवरी को आयोजित वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। उक्त परीक्षा अब 25 फरवरी को प्रातः 8 बजे से ली जाएगी।

### विधानसभा चुनाव के दौरान निष्कासित कांग्रेस नेताओं का निष्कासन रद्द



**गुरूर।** विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी से निष्कासित कांग्रेस नेताओं का निष्कासन रद्द कर दिया गया है। इससे जिले में पूर्व प्रदेश सचिव तुकाराम साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष हलधर साहू सहित कुल 9 नेताओं की कांग्रेस में वापसी हो गई है। इस सूची में प्रदेश के 7 जिलों के कुल 18 कांग्रेसजनों के नाम हैं, जिनमें सर्वाधिक 9 कांग्रेसी बालोद जिले के हैं। 11 फरवरी को प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि कांग्रेस संगठन द्वारा गठित छानबीन समिति द्वारा की गई छानबीन के बाद समिति की अनुशंसा और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव व छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिव पायलट के अनुमोदन के बाद 11 फरवरी को विभिन्न जिलों के निष्कासित कांग्रेसजनों का निष्कासन रद्द किया जाता है। जिन नेताओं का निष्कासन रद्द किया गया है उनमें पूर्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव ग्राम पिकरीपार निवासी तुकाराम साहू, पूर्व बालोद जिला अध्यक्ष हलधर साहू, पूर्व जनपद सदस्य रिखीराम साहू, नूतन किशोर साहू, तुलेश साहू, सोहन साहू, खोमन सिन्हा, संध्या निषाद, प्रतापचंद साहू का नाम सम्मिलित है।

### कलेक्टर और जिपं सीईओ ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण



**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं सीईओ जिला पंचायत एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. संजय कन्नौजे ने गुरूवार को दूसरे चरण के मतदान के अंतर्गत बालोद विकासखण्ड के विभिन्न मतदान केन्द्रों में पहुँचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने ग्राम कोहंगाटोला एवं अरौद के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदान के कार्यों का अवलोकन किया। वहीं, जिला पंचायत सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे ने ग्राम झलमला, सिवनी एवं पाकुरभाट के मतदान केन्द्रों में पहुँचकर मतदान कार्य का अवलोकन किया गया। इस मौके पर एसडीएम सुरेश साहू, पंचायत विभाग के उप संचालक आकाश सोनी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।







चुनाव

### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत दूसरे चरण में बालोद ब्लाक में हुआ मतदान

# वोट डालने ग्रामीण क्षेत्रों में दिखा उत्साह कई साधनों से मतदान केंद्र पहुंचे मतदाता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिले के बालोद ब्लाक में 20 फरवरी को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत द्वितीय चरण का मतदान संपन्न हुआ। ब्लाक के ग्रामों में ग्रामीण कई माध्यमों से मतदान करने पहुंचे। अपने पसंद के प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने के लिए ग्रामीणों ने सुबह से ही मतदान केन्द्रों में लाइन लगकर मतदान किया।

ऐसा ही नजारा जिले के ग्राम पंचायत देवारभाट में भी देखने को मिला। ग्राम पंचायत देवारभाट अंतर्गत तीन अन्य आश्रित ग्राम तालगांव, अंधियाटोला, गत्ताटोला आते हैं। इन तीनों ग्राम के मतदाताओं ने मुख्य ग्राम पंचायत देवारभाट आकर मतदान किया गया। मतदान करने के लिए लोग सायकल व अन्य चार पहिया वाहनों से पहुंचे, वहीं कई लोग पैदल मतदान करने पहुंचे। ग्राम पंचायत देवारभाट के अंतर्गत आश्रित ग्राम तालगांव, अंधियाटोला, गत्ताटोला आता है जिसमे चारों गांव के ग्रामीणों के लिए मतदान की सुविधा मुख्य ग्राम पंचायत के मतदान केन्द्रों में की गई थी।





## बुजुर्गों को मिली युवाओं की मदद साथ, व्हीलचेयर पर पहुंचे दिव्यांग

**बालोद।** ग्राम पंचायत नेवारीकला में ग्रामीणों ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत 20 फरवरी को मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

युवाओं के साथ-साथ महिलाओं एवं बुजुर्गों ने मतदान किया। ग्राम नेवारीकला में 20 वार्ड के पंचों व सरपंच के साथ जनपद पंचायत सदस्य व जिला पंचायत सदस्य के लिए ग्रामीणों ने मतदान किया। इस दौरान कामकाजी पुरूषों के साथ महिलाओं ने सुबह से ही लाइन में लगकर मतदान किया। लोगों ने कहा कि पहले मतदान करेंगे, उसके बाद अपने काम पर जाएंगे। लोगों का कहना था कि यदि आज काम को देखते हुए सही प्रत्याशी को अपना एक वोट नहीं दिया तो आगे पांच साल ग्राम का विकास बाधित हो सकता है।

- नेवारीकला के लोगों ने मतदान में बढ़-चढ़कर लिया भाग

वहीं, ग्रामीण युवाओं ने ग्राम के वृद्धजनों को उनके घरों से उनके परिजनों की मदद से मतदान केन्द्र पहुंचाकर मतदान करवाने में सहयोग किया। ग्राम नेवारीकला में दिव्यांग हेमलाल निर्मलकर व्हीलचेयर से मतदान केन्द्र पहुंचे और अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

इसी प्रकार आत्माराम यादव 76 वर्ष ने पुत्र एलेंद्र यादव की मदद से अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए मतदान किया।


## जिपं सीईओ डॉ कन्नौजे ने सिवनी में किया मतदान



**बालोद।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत जिले में दूसरे चरण का मतदान गुरूवार को संपन्न हुआ। दूसरे चरण में बालोद विकासखण्ड के सभी 189 मतदान केन्द्रों में बिना किसी अवरोध के शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ। बालोद विकासखण्ड के सभी मतदान केन्द्रों में गुरुवार को निर्धारित समय सुबह 07 बजे से मतदान प्रारंभ हो गया। इस दौरान जिला प्रशासन के आला अधिकारियों ने भी मतदान केन्द्रों में पहुँचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. संजय कन्नौजे ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिवनी के मतदान केन्द्र क्रमांक 124 में सपत्नीक पहुँचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

### बुजुर्गों व दिव्यांगों ने डाले वोट







इसके साथ ही अपनी शारीरिक असमर्थता के बावजूद दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाता निर्वाचन के राष्ट्रीय कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने में पीछे नहीं रहे। ग्राम सिवनी के मतदान केन्द्र में 80 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता बसंता बाई एवं 72 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता संतरी बाई ने भी अपने परिजनों की सहायता से मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के दौरान ग्राम नेवारीकला के मतदान केन्द्र क्रमांक 51 में बुजुर्ग दिव्यांग मतदाता हेमलाल निर्मलकर ने अपने शारीरिक अक्षमता के बावजूद अपने परिजनों के साथ मतदान केन्द्र में पहुँचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।





### युवाओं ने बताया रोमांचकारी अनुभव



दूसरे चरण के अंतर्गत संपन्न मतदान के दौरान युवा, बुजुर्ग, दिव्यांग सहित महिला मतदाताओं के अलावा सभी वर्ग के मतदाताओं ने लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर कर हिस्सा लेते हुए पूरे जोश एवं उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के दौरान युवा मतदाताओं में भी खासा उत्साह देखने को मिला। इसके अंतर्गत बालोद विकासखण्ड के ग्राम झलमला के मतदान केन्द्र में युवा मतदाता वैभव सिंह, दीपा, देवश्री, कनिष्का एवं देविका ने मतदान केन्द्र में पहुँचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इन सभी युवा मतदाताओं ने इस अवसर को अपने लिए अत्यंत रोमांचकारी बताते हुए कहा कि उन्हें अपने मताधिकार के प्रयोग के माध्यम से निर्वाचन के इस राष्ट्रीय कार्य में सहभागी बनने से उन्हें गर्व की अनुभूति हो रही है।



### मतदान के बाद शुरू हुई मतगणना

बालोद विकासखण्ड के ग्राम सिवनी के मतदान केन्द्र में मतदाताओं के लिए बैठक एवं छांव इत्यादि की समुचित व्यवस्था की गई थी। जिसमें मतदाताओं ने छांव में विश्राम कर अपनी बारी आने पर क्रमशः अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सभी मतदान केन्द्रों में मतदान की निर्धारित प्रक्रिया पूरी करने के बाद निर्वाचन अभिकर्ताओं की उपस्थिति में मतगणना कार्य को आरंभ कर दिया गया।

### दाऊ मोहन लाल शासकीय कालेज बासीन में वार्षिक हुआ सम्मेलन

**बालोद।** दाऊ मोहन लाल शासकीय महाविद्यालय बासीन में वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनभागीदारी समिति वीरेन्द्र सांहड़ा थे, अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डीके राठौर ने की। विशिष्ट अतिथि जनभागीदारी सदस्य हुमन लाल साहू, गैंदलाल सांहड़ा थे। कार्यक्रम की शुरूआत विद्या की देवी मां सरस्वती के पूजन अर्चन के साथ की गई। छात्राओं ने सरस्वती वंदना, राजगीत एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किए। सांहड़ा ने कहा कि विद्यार्थियों को संस्कारित होना चाहिए, क्योंकि उच्च शिक्षा संस्कार शिक्षा भी है। प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत एवं लगन को छात्र जीवन की सफलता का सूत्र बताया। कार्यक्रम का संचालन हिन्दी के व्याख्याता प्रीतराम साहू ने किया।

### 17 फरवरी को हुए मतदान को निर्वाचन आयोग ने शून्य घोषित किया

# ग्राम पंचायत सुरेगांव के वार्ड क्रमांक 8 में पंच पद के लिए 23 को फिर डाले जाएंगे वोट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम सुरेगांव के वार्ड क्रमांक 08 के पंच पद लिए 17 फरवरी 2025 को संपन्न मतदान को शून्य घोषित किया गया है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार जिला निर्वाचन कार्यालय बालोद द्वारा छत्तीसगढ़ पंचायत राज, अधिनियम, 1993 की धारा 42 सहपठित छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 18 एवं 72(2)(क) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 17 फरवरी 2025 को ग्राम सुरेगांव के वार्ड क्रमांक 08 में पंच पद हेतु संपन्न मतदान को शून्य घोषित किया गया है। श्री कौशिक ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सुरेगांव के वार्ड क्रमांक 08 में पंच पद हेतु संपन्न मतदान को शून्य घोषित करते हुए उक्त वार्ड में पंच पद के लिए पुनर्मतदान हेतु निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दी गई है। इसके अंतर्गत राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा रविवार 23 फरवरी 2025 को सुबह 07 बजे से दोपहर 03 बजे तक पुनर्मतदान की तिथि एवं समय निर्धारित की गई है।

### मतपत्र में गलती मिलने के बाद रोक दिया गया था मतदान




बता दें कि सुरेगांव के वार्ड क्रमांक 08 में पंच पद के लिए शकुन बाई देशमुख और साधना बाई देशमुख प्रत्याशी हैं। चुनाव चिन्ह आबंटन के समय शकुन बाई देशमुख को चुनाव चिन्ह सीढ़ी मिला था। साथ ही इसका नाम पहले क्रम पर था, लेकिन जब मत पत्र में देखा तो शकून बाई के नाम के आगे फावड़ा निशान अंकित था और मत पत्र मे दूसरे नंबर पर इसका नाम छपा हुआ मिला। ग्राम पंचायत सुरेगांव के वार्ड क्रमांक 08 मे मतदाताओ को जब पंच पद के लिए वोट डालने मत पत्र दिए गए तब मतदाताओं ने देखा कि सीढ़ी छाप का चिन्ह मतपत्र में है ही नहीं लगभग 25 मतदाता मतदान कर चले गए एवं इसकी जानकारी वार्ड के प्रत्याशी को दी। शकुन बाई देशमुख ने वार्ड का पंच चुनाव रोकने की मांग करते हुए आवेदन दिया उसके बाद पंच पद के लिए मतदान रोक दिया गया था एवं वार्ड के शेश 65 मतदाताओं ने सरपंच, जनपद एवं जिला पंचायत के लिए मतदान किया था लेकिन पंच के लिए नहीं किया था।


**पाठक सूचना**

बालोद जिले में

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### शिविर में कर्मचारियों ने किया रक्तदान

**रायपुर।** यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय ने अपना 88वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गय। इस अवसर पर मंगलवार को नारा लेखन स्पर्धा और अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। साथ ही रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के सहयोग से क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में एक रक्तदान शिविर भी लगाया गया। शिविर में रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय एवं रायपुर स्थित अन्य कार्यालयों के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और रक्तदान किया। इस अवसर पर हरीन्द्र सिंह, दिलीप कुमार बेहेरा सहित रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय एवं अन्य कार्यालयों के सभी कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### महाशिवरात्रि पर अखंड रामायण पाठ 25 से

**रायपुर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर राजीव नगर कॉलोनी में तीन दिवसीय भव्य कार्यक्रम भारत गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी महाशिवरात्रि महोत्सव कार्यक्रम संचालक रोहित सिंघानिया ने देते हुए बताया कि इस तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत 25 फरवरी को अखंड रामायण पाठ होगा। दूसरे दिन 26 फरवरी को जल, दुग्ध अभिषेक एवं रुद्री पाठ आरती, पूजा-अर्चना, भोग, विशेष श्रृंगार एवं महाआरती की जाएगी। तीसरे दिन 27 फरवरी को सुबह 11 बजे हवन कार्यक्रम होगा। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम स्व. जीवनलाल सिंघानिया की स्मृति में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सिंघानिया परिवार सहित बड़ी संख्या में शिवभक्त शामिल होंगे।

### मायाराम सुरजन हॉल में संगीतमय कार्यक्रम 22 को

**रायपुर।** आरकेएम म्यूजिकल ग्रुप द्वारा 22 फरवरी को एक शाम साउथ के अनमोल रत्नों के नाम की संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी। यह कार्यक्रम बीजेपी कार्यालय के पास रजबंधा मैदान मौदहापारा स्थित मायाराम सुरजन हॉल में शाम 6 बजे प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में सभी संगीत प्रेमियों को आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि इस संगीतमय कार्यक्रम में दक्षिण भारत के विश्व प्रसिद्ध गायक केजे येसुदास, हरिहरन, एसपी बालासुब्रमण्यम के कर्णप्रिय गीतों को पेश किया जाएगा।

### सड़क सुरक्षा पर राहगीर दिवस

**रायपुर।** राहगीरी फाउंडेशन के सहयोग से शहर में सड़क सुरक्षा,पर्यावरण जागरूकता के लिए1 और 2 मार्च को जीई रोड पर राहगीर दिवस आयोजित किया जाएगा। जिसमें जुंबा, योग, विविध गतिविधियां, चिकित्सा शिविर, खेल प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। राहगीर दिवस के दिन शहर के किसी सड़क या स्थल को नो व्हीकल जोन घोषित कर जन जागरूकता का संदेश दिया जायेगा।

### चेंबर प्रतिनिधि मंडल ने वित्तमंत्री चौधरी को राज्य बजट से संबंधित दिए सुझाव

**रायपुर।** चेंबर प्रतिनिधि मंडल ने राज्य वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने आगामी राज्य बजट से संबंधित उन्हें कई सुझाव भी दिए। इन सुझावों में प्रमुख रूप से प्रदेश के पारंपरिक बाजारों के जीर्णोद्धार के लिए उचित कदम उठाए जाए, प्रदेश के सभी जिलों में राजधानी स्थित डूमरतराई व बिलासपुर स्थित व्यापार विहार की तर्ज पर थोक बाजारों का निर्माण किया जाए, रायपुर में प्रस्तावित होलसेल कोरिडोर का निर्माण त्वरित गति से पूर्ण किया जाए, नवीन व फुटकर बाजारों का निर्माण किया जाए, इज ऑफ़ डुईंग बिजनेस के तहत वन स्टेट वन लाइसेंस नीति लागु की जाए, जेम्स एंड ज्वेलरी पार्क के निर्माण को त्वरित गति से पूर्ण किया जाए, ग्वालियर मेले के तर्ज पर प्रतिवर्ष ऑटो एक्सपो का आयोजन किया जाए, यूजर चार्ज से सम्बंधित विसंगतियों को दूर कर इसे युक्तियुक्त किया जाए।

# 28 से पूर्व जारी किया जाएगा प्रवेशपत्र, यदि रिश्तेदार 5वीं-8वीं के छात्र, तो समिति से रहेंगे बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिले में पांचवी और आठवीं की परीक्षा की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। पांचवी की परीक्षा 17 मार्च और आठवीं की परीक्षा 18 मार्च से आयोजित की जाएगी। दोनों ही कक्षाओं के लिए प्रश्नपत्र निर्माण समिति द्वारा प्रश्नपत्र तैयार किए जा रहे हैं। सभी विषयों के लिए तीन-तीन प्रश्नपत्र का सेट जिला स्तरीय प्रश्नपत्र निर्माण समिति द्वारा तैयार कर जिला शिक्षा अधिकारी को भेज जाएंगे।

लोक शिक्षण संचालनालय ने अपने दिशा-निर्देश में कहा था कि ऐसे व्यक्ति जिनके कोई भी रिश्तेदार 5वी-8वीं में अध्ययनरत हो, वे प्रश्नपत्र निर्माण समिति का हिस्सा नहीं होंगे। समिति निर्माण के दौरान ऐसे व्यक्तियों को कमेटी से बाहर रखा गया है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी विद्यालयवार विद्यार्थियों का नामिनल रोल तैयार कर जिला शिक्षा अधिकारी को उपलब्ध कराएंगे। जिला शिक्षा अधिकारी इसकी सहायता से विद्यार्थियों का रोल नंबर विद्यालयवार तैयार कर आवंटित करेंगे। 28 फरवरी के पूर्व विद्यालयों को ये रोल नंबर विकासखंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से उपलब्ध करा दिए जाएंगे। तत्पश्चात इन्हें विद्यार्थियों को आवंटित किया जाएगा।

**प्रश्नपत्र निर्माण समिति तैयार कर रही है सभी विषयों के तीन-तीन सेट**

### संचालन समिति ले रही है बैठक

प्रत्येक जिले में परीक्षाएं आयोजित कराने डीपीआई के निर्देशानुसार संचालन समिति का गठन किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी इस संचालन समिति के अध्यक्ष हैं। जबकि डाइट प्राचार्य, जिला मिशन समन्वयक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, संकुल समन्वयक सहित प्रधान पाठक को भी सदस्य बनाया गया है। इस समिति द्वारा जिला स्तर पर बैठक आयोजित कर प्रधान पाठकों तथा शिक्षकों को परीक्षा संबंधित दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं।

### पांचवी की परीक्षा 17 और आठवीं की परीक्षा 18 मार्च से



### मॉडल प्रश्न-पत्र के आधार पर तैयारी

डीपीआई द्वारा परीक्षा की समय-सारिणी जारी करने के साथ ही मॉडल प्रश्नपत्र भी जारी कर दिए गए थे। ब्लू प्रिंट जारी करते हुए डीपीआई ने बताया था कि किस यूनिट से कितने अंकों के सवाल पूछे जाएंगे। विद्यालयों द्वारा इस मॉडल प्रश्न-पत्र के आधार पर तैयारी कराई जा रही है। विद्यालयों द्वारा छात्रों को मॉडल प्रश्न-पत्र भी वितरित किए गए हैं।

राजधानी में नौकरी या पढ़ाई के लिए आने वाले युवाओं को मिलेगी राहत

# नगर निगम ने केंद्र सरकार को भेजा यूथ हॉस्टल का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में नौकरी या पढ़ाई के लिए आने वाले युवाओं के लिए राहत भरी खबर है। शहर के बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम के पास खाली जगह पर नगर निगम प्रदेश का पहला यूथ हॉस्टल बनायेगा। इस के लिए नगर निगम ने 15 करोड़ का प्रस्ताव बनाकर केन्द्र सरकार को मंजूरी के लिए भेजा है। पांच मंजिला यूथ हॉस्टल तैयार होने से जरूरतमंद युवाओं को शहर में ठहरने के लिए उचित जगह मिलेगी।दरसअल, राजधानी रायपुर में रोजाना बड़ी संख्या में युवा नौकरी या पढ़ाई के सिलसिले में आते हैं। उनके ठहरने के लिए उचित व्यवस्था नहीं होने से गरीब व मध्य वर्गीय युवाओं को इससे काफी परेशानी उठानी पड़ती है। इसे ध्यान रखते हुये नगर निगम द्वारा एक अभिनव पहल की गई है। इसी कड़ी में निगम ने केन्द्र सरकार के निर्देश पर यूथ हॉस्टल का प्रस्ताव तैयार कर सरकार को भेजा है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने हरिभूमि को बताया कि 15 करोड़ के इस प्रोजेक्ट में बूढ़ापारा के इंडोर स्टेडियम के पीछे खाली पड़ी जमीन पर पांच मंजिला यूथ हॉस्टल बनाया जायेगा। खेल व युवा कल्याण विभाग के माध्यम से यूथ हॉस्टल के प्रस्ताव को मंजूरी के लिए भेजा गया है। स्वीकृति मिलने पर यह प्रदेश का पहला यूथ हॉस्टल होगा।

**खास बातें**

- प्रदेश का पहला यूथ हॉस्टल होगा
- 15 करोड़ का प्रोजेक्ट, स्वीकृति मिलने पर सैकड़ों युवा होंगे लाभान्वित



### इनोवेट, आरंभ, बीपीओ और को-वर्किंग सेंटर को केंद्र ने सराहा

राजधानी रायपुर में युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रारंभ किये गये इनोवेट, आरंभ, बीपीओ, को-वर्किंग और इनक्यूबेशन सेंटर्स को केन्द्र सरकार द्वारा सराहना प्राप्त हुई है। केन्द्र सरकार ने इस संदर्भ में प्रस्तुतिकरण करने निर्देश दिये। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर प्रारंभ किया गया इनोवेट युवा शक्ति को अलग-अलग अवसर प्रदान कर रहा है। इनोवेट युवाओं को डिजिटल इंडिया की दुनिया में डिजिटल मीडिया, सोशल मीडिया, वीडियो रिकॉर्डिंग, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, डिजाइनिंग जैसे कौशल सीखने का युवाओं को मौका मिल रहा है। इसी कारण केन्द्र सरकार के मंत्रालय द्वारा इसकी सराहना की गई है।

# जीई रोड पर फिर चला टीम प्रहरी अभियान, 32 ठेले हटाए, 5 जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी की यातायात व्यवस्था को सुगम और व्यवस्थित करने जिला प्रशासन लगातार टीम प्रहरी अभियान चला रही है। इसके तहत लगातार सड़कों पर संचालित अवैध ठेला-गुमटियों को हटाने की कार्रवाई भी की जा रही है, लेकिन इसके बाद भी लगातार सड़कों पर अवैध ठेला-गुमटियां संचालित हो रही हैं। टीम प्रहरी अभियान के तहत करीब माहभर पहले जीई रोड पर अभियान चलाकर यहां से ठेला-गुमटियों को हटाने की कार्रवाई की गई थी, लेकिन इसके बाद भी यहां अवैध दुकानें लग चुकी हैं, जिसके कारण प्रशासन को बुधवार को दोबारा यहां अभियान चलाना पड़ा। इस अभियान के तहत यहां से 32 ठेलों को हटाने की कार्रवाई की गई, वहीं 5 ठेलों को जब्त किया गया है।

### राजकुमार कॉलेज से साइंस कॉलेज तक कार्रवाई

कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डा. गौरव सिंह के निर्देश पर शहर में टीम प्रहरी अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ नगर निगम और पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों को भी शामिल किया गया है। इस अभियान के तहत शहर में ट्रैफिक जाम एवं आवागमन में बाधा बन रही सड़कों पर संचालित अवैध दुकानों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में संयुक्त टीम ने जीई रोड पर राजकुमार कॉलेज से साइंस कॉलेज तक अभियान चलाया और रोड के दोनों तरफ अवैध रूप से सड़कों पर संचालित 32 ठेलों को हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान 5 ठेलों को जब्ती भी बनाया गया। टीम ने इस दौरान लैंडस्कैपिंक पर हो रहे अवैध निर्माण को रोकने के साथ अतिक्रमित कॉलम की सामग्री को जब्त किया।

### इस कार्रवाई में ये अधिकारी रहे शामिल

इस अभियान में ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर, नगर निगम के नगर निवेशक आभाष मिश्रा, जोन 7 कमिश्नर रमाकांत साहू, कार्यपालन अभियंता ईश्वर लाल टावरे, सहायक अभियंता निवेश विभाग आशुतोष सिंह, उप अभियंता रुचिका मिश्रा सहित यातायात पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी शामिल थे।

# पंचायत चुनाव में परिवार वोट डालने गया और चोरों ने कर दिया घर खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंचायत चुनाव में वोट डालने गए एक परिवार के घर को चोरों ने निशाना बनाते हुए दो लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के जेवर तथा नकदी 84 हजार रुपए पर हाथ साफ कर दिया। घटना गोकुल नगर, मठपुरैना, टिकरापारा थाना क्षेत्र की है। जिस घर में चोरी हुई है, उस घर के पड़ोसियों ने एक चोर को भागते हुए पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है।

शत्रुघन देवांगन ने पुलिस को बताया कि वह 16 फरवरी को अपने परिवार के साथ बलौदाबाजार, विश्रामपुरी में पंचायत चुनाव के लिए वोट डालने के लिए गया था। दूसरे दिन लौट रहा था, तब शत्रुघन को उसके एक पड़ोसी ने घर में दो बजे के करीब दो चोर घुसे होने की जानकारी दी। इसके बाद पड़ोसी तथा अन्य शत्रुघन के घर पहुंचे। घर में लोगों को आते देख एक चोर घर की नकदी तथा जेवर लेकर फरार हो गया। दूसरा चोर गोगांव, गुढ़ियारी निवासी जीवन पटेल पकड़ा गया। पूछताछ में जीवन ने अपने दूसरे साथी का नाम कोमलदास बताया है। चोर घर में चोरी करने ई-रिक्शा से पहुंचे थे।

- आसपास के रहवासियों ने भागते हुए एक चोर को मौके से पकड़ा
- मठपुरैना, टिकरापारा की घटना

### सिंधी साहिती बिरादरी मंडल की बैठक, तैयारी पर चर्चा

**रायपुर।** सिंधी साहिती बिरादरी मंडल की कार्यकारिणी की बैठक मंगलवार को हुई। जहां उपस्थित समाजजनों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि चेट्रीचंड्र महोत्सव और होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। साथ ही कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। यह कार्यक्रम बीटीआई ग्राउंड शंकर नगर स्थित सिंधु पैलेस में 9 मार्च को होगा। यह जानकारी सचिव सुनील अजवानी ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम के लिए समिति ने एक टीम गठित की है, जिसमें सोनू गोवानी, नरेश लालवानी एवं अनिल हेमानी, हरीश अजवानी आदि को सारी जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी दौरान चेट्रीचंड्र महोत्सव 30 अप्रैल को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जयस्तंभ चौक पर जनसेवा के साथ मनाया जाएगा, जिसका नेतृत्व दिलीप इसरानी करेंगे।

# आलोक फेरो ने निगम से उपचारित जल लेना शुरू किया, सालाना मिलेगा 63 लाख का राजस्व

**एसटीपी उपचारित सीवरेज का औद्योगिक कार्य में दोबारा उपयोग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम रायपुर द्वारा खारुन में गिरने वाले नाले का गंदा पानी को उपचारित करने कारा में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाया गया है। उपचारित जल का उपयोग अब औद्योगिक कंपनियां करने लगी हैं। इसी कड़ी में आलोक फेरो ने निगम से 3 एमएलडी उपचारित जल लेना प्रारंभ कर दिया है। इससे नगर निगम को करीब 63 लाख रुपये का वार्षिक राजस्व मिलेगा। नगर निगम द्वारा मेसर्स एनएसपीसीएल भिलाई के साथ जल्द 18 एमएलडी उपचारित जल के लिए एमओयू किया जायेगा।

- भिलाई की एनएसपीसीएल से जल्द होगा एमओयू



नाले-नालियों से होकर बहने वाला गंदा पानी भी अब उपयोग के लायक बनाया जा रहा है। सीवरेज उपचारित जल की मांग नगर औद्योगिक इकाइयां कर रही हैं। नगर निगम ने नदी का जल दूषित होने से बचाने कारा, निमोरा और चंदनीडीह में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करवाया है। कारा निर्मित एसटीपी से उपचारित सीवेज को औद्योगिक कार्य के लिए दोबारा उपयोग करने मेसर्स बृजेश स्टील लिमिटेड से 7 एमएलडी, मेसर्स मां कुदरगढ़ी पावर इस्पात प्राइवेट लिमिटेड से 2 एमएलडी के उपचारित जल के लिए एमओयू पूर्व में किया गया है। इनके द्वारा पाइप लाइन के लिए सर्वे और इससे संबंधित ड्राइंग डिजाइन का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में मेसर्स रायपुर एनर्जी लिमिटेड तिल्दा द्वारा निमोरा एसटीपी से 68 एमएलडी और मेसर्स एनएसपीसीएल भिलाई द्वारा चंदनीडीह एसटीपी से 18 एमएलडी उपचारित सीवरेज की मांग के हिसाब से जल्द एमओयू करने की तैयारी की जा रही है। विदित हो कि इसमें एनएसपीसीएल, भिलाई तक 18 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाने सहित अन्य अनुषांगिक कार्यों पर करीब 38.10 करोड़ रुपये व्यय आयेगा। इसे संबंधित इकाई वहन करेगी। अमृत मिशन के तहत ग्राम निमोरा में 90 एमएलडी क्षमता के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कार्य साल 2022 में पूरा किया गया।

# ट्रक ड्राइवर पर जानलेवा हमला कर 10 हजार रुपए की लूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तिल्दा में माल खाली कर लौट रहे एक ट्रक ड्राइवर के सिर पर रॉड से जानलेवा हमला कर अज्ञात बदमाशों ने नकदी 10 हजार रुपए के साथ मोबाइल लूट लिया। घटना धरसींवा थाना क्षेत्र के किरना कुथरेल गांव के पास की है।

बदमाशों ने मंगलवार-बुधवार देर रात ट्रक ड्राइवर के साथ लूट की है। बदमाशों को पकड़ने पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल कर रही है। मूलतः बिहार, वैशाली नगर निवासी सूरज कुमार राय ने लूट की शिकायत दर्ज कराई है। सूरज ने पुलिस को बताया है कि घटना दिनांक को वह तिल्दा से माल खाली कर आ रहा था। इस दौरान रेलवे फाटक बंद होने की वजह से वह दूसरे रास्ते से रायपुर की ओर आ रहा था।

रात ज्यादा होने की वजह से सूनसान इलाके में सूरज ट्रक पार्क कर सो गया। इस दौरान बाइक सवार तीन से चार बदमाश ट्रक के पास पहुंचे और ड्राइवर साइड की तरफ का कांच काटकर केबिन में दाखिल हुए। इस दौरान ट्रक ड्राइवर की नींद खुल गई।

- सिलियारी चौकी, किरना कुथरेल की घटना
- ट्रक ड्राइवर के साथ लूट में तीन से चार बदमाश शामिल

### बदमाशों ने बंधक बनाकर मारपीट की

सूरज ने पुलिस को बताया कि नींद खुलने पर बदमाशों ने उसे धमकाते हुए ट्रक से बाहर निकाला और उसके साथ मारपीट की। इस दौरान ड्राइवर ने अपने बचाव के लिए ट्रक से रॉड निकाली तो बदमाशों ने उसके हाथ से रॉड छीन पर उसके सिर पर वार कर घायल कर दिया। ड्राइवर को घायल करने के बाद बदमाश ट्रक की सीट के नीचे रखी नकदी रकम तथा मोबाइल लेकर मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल ट्रक ड्राइवर अपने एक अन्य साथी ट्रक ड्राइवर की मदद से एक निजी अस्पताल उपचार कराने पहुंचा और अपने मालिक को घटना की जानकारी देने के बाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचा।

नवनिर्वाचित पार्षदों के साथ महापौर मीनल ने प्रयागराज में लगाई डुबकी

# नवनिर्वाचित पार्षदों के साथ महापौर मीनल ने प्रयागराज में लगाई डुबकी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रयागराज महाकुंभ में रायपुर नगर निगम की नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे और 40 से ज्यादा पार्षदों ने आस्था की डुबकी लगाई। शहरी सरकार की नई पारी की शुरुआत करने से पहले उन्होंने गंगा मैया से आशीर्वाद लिया। इस दौरान रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने भी कुंभ स्नान किया और प्रदेश वासियों की खुशहाली की कामना की। नगर निगम चुनाव में ऐतिहासिक विजय मिलने पर मंगलवार को 4 बसों में भाजपा के 40 नवनिर्वाचित पार्षदों के साथ 150 लोग कुंभ स्नान के लिए रवाना हुये थे। इसमें शहर भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर सहित रायपुर भाजपा संगठन के कई पदाधिकारी भी गये हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री, विधायक और सांसदों के बाद राजधानी रायपुर के नगर निगम की नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे ने भाजपा पार्षदों के साथ महाकुंभ में डुबकी लगाई। सभी लोग परिवार के साथ बसों से प्रयागराज गए हैं।


- विधायक राजेश मूणत के नेतृत्व में भाजपा के 40 निर्वाचित पार्षद शामिल


**शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में टेली-क्लासेस की शुरुआत**

# रायपुर के चिकित्सा शिक्षकों ने ली बिलासपुर, अंबिकापुर सहित सात मेडिकल कालेज की ऑनलाइन क्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंडित जेएन शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर के चिकित्सा शिक्षकों ने बिलासपुर, अंबिकापुर, राजनांदगांव सहित सात शासकीय कालेजों के छात्रों को पाठ पढ़ाया। बुधवार को रायपुर से शासकीय मेडिकल कालेज में टेली-क्लासेस की शुरुआत की गई। पहला व्याख्यान डा. अरविंद नेरल ने एचआईवी की संरचना और संक्रमण के फैलाव पर दी।





रायपुर मेडिकल कालेज में विद्यार्थियों को चिकित्सा शिक्षा देने के लिए एक अभिनव प्रयास किया गया है। इस अवसर पर अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी ने कहा कि यह हमने चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस तरह की टेली-क्लासेस से छत्तीसगढ़ राज्य के सभी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से एक साथ व्याख्यान प्रस्तुत किये जा सकेंगे। इससे उन महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा, जहां अनुभवी चिकित्सा शिक्षकों की कमी है। आयुक्त चिकित्सा शिक्षा किरण कौशल के दिशा-निर्देश पर यह सुविधा विकसित की गई है। इसके लिए महाविद्यालय के व्याख्यान कक्ष कं. 02 का ऑनलाईन विडियो कॉन्फ्रेसिंग तकनीक के लिये सभी आधुनिक ऑडियो-विजुएल उपकरणों से सुसज्जित किया गया है। पहले दिन इसका जीवंत प्रसारण द्वितीय वर्ष के एमबीबीएस के विद्यार्थियों के लिए किया गया। इसमें बिलासपुर, अम्बिकापुर, महासमुंद, दुर्ग, राजनांदगांव, कांकेर एवं कोरबा महाविद्यालयों से विद्यार्थियों के अलावा अधिष्ठाताओं व शिक्षकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### प्रमुख भूमिका निभाने वाले सम्मानित

इस सुविधा की शुरुआत के लिए फिजियोलॉजी विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सुमीत त्रिपाठी ने मुख्य रूप से सक्रियता दिखाई है। इसके लिए रितु कौशिक और ताराचंद पौषार्य का भी उल्लेखनीय सहयोग रहा है। अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी द्वारा इस कार्य के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। राजनांदगांव चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डॉ. पीके लुका और सिम्स बिलासपुर से डॉ. सुपर्णा गांगुली ने इस आधुनिक सुविधा की सराहना की ।

## खबर संक्षेप

### प्लेट मिल कर्मियों को मिला शिरोमणि सम्मान

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के प्लेट मिल विभाग में कर्म एवं पाली शिरोमणि पुरस्कार समारोह का आयोजन मुख्य महाप्रबंधक के बेहेरा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। शिरोमणि पुरस्कार समिति द्वारा अनुशंसित पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया। सितंबर–दिसंबर 2024 तिमाही के लिए सहायक प्रबंधक प्रीतम रामदास संडुगे को पाली शिरोमणि पुरस्कार से नवाजा गया। जुलाई के लिए इंजीनियरिंग एसोसिएट ए अनिल, अगस्त के लिए जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट रूपलाल साहू, सितंबर इंजीनियरिंग एसोसिएट सुभाष बांगड़े जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट आलोक कुमार पुरोहित, नवंबर - इंजीनियरिंग एसोसिएट रामनगीना जायसवाल, दिसंबर - जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट रूपेन्द्र कुमार साहू को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। शिरोमणि पुरस्कार विजेताओं को स्मृति चिन्ह के रूप में एप्रॉन, डिनर सेट, प्रशस्ति पत्र और प्रशंसा पत्र दिया गया।

### चुनाव में जीत के बाद ग्रामीणों ने मनाया जश्न

**अंडा।** दुर्ग जनपद पंचायत चुनाव में क्षेत्र क्रमांक 19 से ग्राम कुथरेल, भानपुरी एवं जंजगिरी से ग्राम कुथरेल के युवा प्रत्याशी लोमश चन्द्रकार जनपद सदस्य पद के विजयी होने पर ग्रामवासियों ने जीत का ऐतिहासिक जश्न मनाया। ग्रामवासियों ने बाजे-गाजे के साथ पटाखे फोड़ कर व गुलाल से शराबोर कर दिए।
विजय जुलूस में सबसे पहले लोमश चन्द्रकार ने ग्राम शीतला माता के मंदिर सहित विभिन्न ग्राम के मंदिर का पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। विजय रैली में गांव में घूम कर घर-घर से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर ग्रामीणजन एकत्रित थे। उन्होने सभी मतदाताओं का आभार जताते हुए सभी की सहभागिता से मेरे जनपद क्षेत्र का विकास के लिए कार्य करने का भरोसा दिलाया।

### भगवान के विवाह में शामिल हुए भक्त

**सेलूद।** ग्राम छाटा आयोजित संगीतमय भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में के पांचवें दिन कथा व्यास से रेणुका दीदी गोस्वामी ने गोवर्धन पूजा की दिव्य कथा विस्तार पूर्वक सुनाई। उन्होंने बाल कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करने के पश्चात गोवर्धन पूजा, रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया। कथा के दौरान भगवान गिरिराज महाराज के समक्ष सुंदर छप्पन भोग के दर्शन कराए। उन्होंने यह भी बताया कि जहां सत्य एवं भक्ति का संबंध होता है वहां भगवान का आगमन अवश्य होता है।

## निधन

### महेंद्र देशमुख



**अंडा।** ग्राम धरमी (कचान्दूर) निवासी महेंद्र (दौलत) देशमुख उम्र 61 वर्ष का 19 फरवरी को निधन हो गया। वे चितेश्वर देशमुख के पिता जी थे।


### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्री अशोक शर्मा आ. मेघराम शर्मा निवासी सिंघदई, मोहारा चौक, तह व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) से विक्रेता श्री संतोष कुमार पिता कार्तिक राम जाति सतनामी निवासी पसौंद कास्तकार ग्राम भण्डेरा पोस्ट व तहसील मारी बंगला देवरी जिला बालोद (छ.ग.) के नाम पर ग्राम भण्डेरा प.ह.नं. रा.नि.म. सुरेगाँव में भूमि स्वामी हक़ की कृषि भूमि खसरा नं. 46/2, 50 रकबा 0.09, 0.59 को विक्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना पेटे बड़ी रकम लेकर रकम प्राप्ति की अभिस्वीकृति सौदा दिनांक 26-06-2024 इकरारनामा मेरे पक्षकार के पक्ष मे निष्पादित किया हैं। केवल विक्रय विलेख के निष्पादन की औपचारिकतायें शेष हैं।

उपरोक्त संव्यवहार के संबंध मे किसी व्यक्ति, व्यक्तियों की संस्था, बैंक, वित्तीय निकाये, शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्थान को किसी भी प्रकार का उजर दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के दस दिनों के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालीन पते पर प्रस्तुत कर देवे समयावधि उपरांत की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी और विक्रय विलेख का पंजीयन करा लिया जावेगा सो सूचना जाने।

दिनांकः 17.02.2025

**विनोद कुमार शुक्ला (अधिवक्ता)**
**पूर्व अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ**
**राजनांदगाँव ब्राह्मण पारा, गांधी चौक, राजनांदगाँव**
**मो : 9424126898**


## सोशल मीडिया में शेयर किए फोटो...







**बालोद।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत ब्लाक के विभिन्न ग्रामों में मतदान को लेकर युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक सबने उत्साह पूर्वक मतदान किया। मतदान के बाद सोशल मीडिया में अपने मतदान के निशान को दिखाते हुए फोटो शेयर किया।

### जिला विपणन अधिकारी ने कहा जिले में नहीं ली जाती दलहन-तिलहन की फसल, खरीदी संभव नहीं

# जिले के किसानों ने हजारों हेक्टेयर में ली दलहनी फसल, जिम्मेदार अधिकारी ने सिरे से नकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

प्रशासन ने किसानों को फसल परिवर्तन कराकर मझधार में छोड़ दिया है। कलेक्टर के बार बार निर्देश के बाद भी किसानों की फसल की खरीद की व्यवस्था नहीं की जा रही है, जिससे किसानों में आक्रोश है।

जिला प्रशासन द्वारा प्रेरित किए जाने पर किसानों ने व्यापक पैमाने पर दलहन तिलहन की फसल ली। वर्तमान में प्राप्त आंकड़ों के अनुसार प्रशासन द्वारा विकासखण्ड में चना का 9760 हेक्टेयर का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन विकासखण्ड के किसानों ने 12 हजार हेक्टेयर से अधिक में चना की फसल ली है। वहीं विकासखण्ड गुरूर में दलहन के लिए कुल 14375 हेक्टेयर का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन साढ़े सत्रह हजार हेक्टेयर से अधिक में दलहन की फसल ली। इतने बड़े पैमाने पर दलहन की फसल लेने के बाद भी जिला विपणन अधिकारी शौरभ भारद्वाज का दावा है कि जिले में चना -तिवड़ा की कोई फसल ली ही नहीं गई है। जब किसानों ने फसल विक्रय की समस्या सामने रखी, तब प्रशासन ने दावा किया था कि उन्हें फसल बेचने में परेशानी नहीं होगी, लेकिन समस्या खड़ी होती दिख रही है। बीते वर्षों में जिला प्रशासन के कहने पर किसानों ने सुगंधित धानों की खेती की थी एवं दलहन, तिलहन व मक्का की फसल ली थी, लेकिन तब भी किसानों को अपनी उपज बेचने में परेशानी हुई थी। तब तत्कालीन विधायक भैयाराम सिन्हा एवं वर्तमान विधायक संगीता सिन्हा के प्रयासों के बाद किसानों की फसल खरीदी की व्यवस्था हो पाई थी। वर्तमान में किसान परेशान है कि वे अपनी ऊपज कहां बेचेंगे। समितियों में दलहन तिलहन की खरीदी के लिए कोई आदेश नहीं होने का हवाला देकर किसानों का पंजीयन नहीं किया जा रहा है। क्षेत्र में दाल या तेल के मिल नहीं है, ऐसे में किसान स्वयं को ठगा महसूस कर रहे हैं।



#### खरीदी के संबंध में नहीं मिला आदेश

नोडल अधिकारी चिंताराम रावटे ने कहा कि हमें समितियों के माध्यम से दलहन तिलहन खरीदी के संबंध में कोई आदेश नहीं मिला है। इसलिए हम समितियों में पंजीयन नहीं कर रहे हैं। जिला विपणन अधिकारी शौरभ भारद्वाज ने कहा कि जिले में दलहन तिलहन की फसल ली ही नहीं जाती। इसलिए यहां उसकी खरीदी नहीं की जा सकती। कलेक्टर ने क्या आदेश, कब दिया है, मैं नहीं जानता। वैसे भी दलहन तिलहन खरीदी के संबंध में प्रदेश से जारी सूची में बालोद जिले का नाम नहीं है, तो यहां खरीदी संभव नहीं है।

## रेंगाडबरी की सरपंच चुनी गईं भावना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

वनांचल के ग्राम रेंगाडबरी पंचायत में इस बार सामान्य महिला सीट आरक्षित होने पर पांच महिलाओं ने अपनी दावेदारी की थी, जिसमें भावना जयेश जैन 430 मतों से विजयी घोषित हुईं। कुल 13 वार्डों में 8 महिला पंच एवं 5 पुरुष पंच में बने हैं तथा 8 पंचों का निर्विरोध चुनाव किया गया। जीत के बाद सभी वार्डों के पंच एवं सरपंच तथा समस्त ग्रामवासी द्वारा डीजे एवं गाजे बाजे के साथ पटाखे फोड़ कर गुलाल एवं पुष्प हार पहनाकर डीजे की धुन पर नाचते गाते हुए विजय जुलूस निकाला गया। डौण्डीलोहारा ब्लॉक में इस बार पंचायत चुनाव में अधिकांश महिलाओं ने बाजी मारी है।



## राजभवन पहुंचे उरेटा के ग्रामीण नपं अध्यक्ष टेकाम को दी बधाई



**डौंडीलोहारा।** समीप के ग्राम उरेटा के ग्रामीणों ने नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम के निवास राजभवन पहुंचकर पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर धनराज राणा, बिशेसर सिंह भरतद्वाज, सन्तराम राणा, अशोक कोठारी, अनिल केशरिया, मन्नूलाल सहारे, तुकाराम मरकाम, खोरबाहरा कोठपरिया, संजय राणा, सुखऊ राम कोठपरिया तथा अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## भिलाई इस्पात सियान सदन में 20 कमरों का निर्माण, वरिष्ठ नागरिकों को होगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा संचालित भिलाई इस्पात सियान सदन के सभी कमरे वृद्धजनों को आबंटित हो चुके थे। इसलिएसदन में कमरों की कमी के कारण अधिक लोगों को आवासीय सुविधा दे पाना मुश्किल था। सीनियर सिटीजंस की सुविधा के लिए अब नए कमरों के निर्माण के साथ, इस सुविधा को बेहतर करते हुए वरिष्ठ नागरिकों को आवासीय सुविधा प्रदान करने की क्षमता बढ़ा दी गई है। "भिलाई इस्पात सियान सदन" में रहने के इच्छुक वरिष्ठ नागरिकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तारीख 28 फरवरी है।

## पंडरी महालक्ष्मी मार्केट में हाइड्रोलिक पार्किंग की मिलेगी सुविधा, निगम ने किया टेंडर

- नगर निगम का पॉयलट प्रोजेक्ट, निर्माण के लिए तय होगी एजेंसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के पंडरी स्थित महालक्ष्मी कपड़ा मार्केट परिसर में शहरवासियों को जल्द हाइड्रोलिक पार्किंग की सुविधा मिलेगी। मेट्रो सिटी की तर्ज पर कम स्पेस में नान मोटराइज्ड एरिया के रूप में इसे डेवलप करने नगर निगम ने पॉयलट प्रोजेक्ट तैयार किया है। इसके तहत अनुबंधित एजेंसी निगम द्वारा उपलब्ध कराये गये स्थल पर फाउंडेशन तैयार कर हाइड्रोलिक पार्किंग की सुविधा देगी।

प्रदेश के सबसे बड़े थोक कपड़ा बाजार पंडरी में ट्रैफिक जाम की समस्या दूर करने नगर निगम महालक्ष्मी मार्केट में 50 लाख की लागत से हाइड्रोलिक पार्किंग का प्रोजेक्ट ला रहा है। इसके लिए एजेंसी तय करने टेंडर किया जा चुका है। निगम चुनाव के बाद टेंडर खोलकर एजेंसी तय की जायेगी। इस पार्किंग में खासकर ऐसे चारपहिया वाहन दिनभर सड़क पर पार्क कर खड़ा कर दिये जाते हैं, उनकी पार्किंग यहां कराई जायेगी। हाइड्रोलिक पार्किंग में 22 चार पहिया वाहनों को पार्क करने की सुविधा रहेगी। कुल मिलाकर डस्ट एरिया को पैक कर मल्टीलेवल पार्किंग का ढांचा तैयार कराया जायेगा। सूत्रों के मुताबिक शहर में अपनी तरह का यह अनूठा पार्किंग स्ट्रक्चर तैयार करने के लिए किये गये ऑनलाइन टेंडर में 4 एजेंसियों ने निविदा में भाग लिया है। जबकि सिविल वर्क के लिए 2 एजेंसियां आगे आई है। टेंडर खोलने के बाद एजेंसी तय कर वर्कआर्डर जारी किया जायेगा।

### 22 कार के पार्किंग की रहेगी व्यवस्था



#### निगम मुख्यालय में भी जिगजैग पार्किंग

नगर निगम मुख्यालय में चारपहिया वाहनों की पार्किंग में आ रही दिक्कतों को ध्यान में रखते हुये जिगजैग पार्किंग का ढांचा तैयार कराया जायेगा। इसके लिए 23 लाख का टेंडर कर एजेंसी तय कर वर्क आर्डर जारी किया गया है। इस पार्किंग में केवल निगम स्टाफ के चारपहिया वाहन पार्क किये जा सकेंगे। सूत्रों के मुताबिक करीब दर्जनभर चारपहिया वाहनों की पार्किंग की सुविधा रहेगी। अनुबंधित एजेंसी कम स्पेस में पार्किंग का सिस्टम बनायेगी।

## जामगांव आर में 5 बजे के बाद भी जारी रहा मतदान



**जामगांव आर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में 20 फरवरी को ग्राम पंचायत जामगांव आर के 1524 मतदाताओं में 1333 मतदाताओं के मतदान करने की खबर मिली है। प्रातः 7 बजे प्रारंभ मतदान शाम 5 बजे के बाद भी जारी रहा। समय सीमा 3 बजे समाप्त होने के बाद गेट बंद कर टोकन का वितरण पीठासीन अधिकारी ने किया।

## हीरापुर में सरपंच निर्विरोध, पंच पद के लिए टक्कर



**बालोद।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ग्राम हीरापुर में सरपंच निर्विरोध चुनने के बाद पंचों में टक्कर देखने को मिली थी। पंचों के जीतने के बाद जमकर जश्न मनाया।

## रामकी की 255 गाड़ियों से रोज उठ रहा 700 टन कूड़ा, नए रूट के लिए सर्वे

- नया रायपुर से रोज पहुंच रहा 12 टन कचरा
- कृषि विश्व-विद्यालय की गाड़ी पहुंचा कर दे रही 4.5 टन कचरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर की सफाई का ठेका लेने वाली रामकी एजेंसी अपने 255 सफाई वाहनों से रोजाना 700 मीट्रिक टन कूड़ा कलेक्ट कर सकरी के ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचा रही है। इनमें नगर निगम के सफाई वाहनों से कलेक्ट किया गया 100 टन कचरा शामिल है। अभी भी शहर से जुड़े कई इलाके डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन के दायरे से बाहर हैं। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने रामकी कंपनी को नए रूट का सर्वे करने निर्देशित किया है। इधर दिल्ली से केन्द्रीय टीम 25 फरवरी के बाद शहर की सफाई का जायजा लेने रायपुर आ रही है।

शहर से निकलने वाले गीला और सूखा कचरा की मात्रा कम होने की जगह बढ़ती जा रही है। अब तक 600 टन सूखा और गीला कचरा शहर के 70 वार्डों से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कर अनुबंधित एजेंसी सकरी में स्थापित प्लांट में निष्पादित करती रही, पर पिछले कुछ समय से शहर से निकलने वाले कूड़ा करकट की मात्रा 600 टन से बढ़कर 700 टन तक जा पहुंची है। नगर निगम की कचरा गाड़ी से शहर के सड़कों की सफाई मुक्कड़, नाली और निगम के बगीचों से निकलने वाला कचरा भी रामकी कंपनी को प्रोसेसिंग के लिए दिया जाता है।

#### नया रायपुर से रोज निकल रहा 12 टन कचरा

रामकी कंपनी को नया रायपुर से प्रतिदिन 12 टन गीला और सूखा कचरा प्राप्त हो रहा है। इसी तरह इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर से 4.5 टन कचरा रोजाना गाड़ियों में भरकर अनुबंधित एजेंसी को दिया जा रहा है। रामकी कंपनी के सिटी हेड योगेश कुमार का कहना है, आमासिवनी, बोरियाखुर्द और कमलविहार के अलग-अलग सेक्टरों से भी कचरा कलेक्शन किया जा रहा है। गोगांव, बड़ा अशोक नगर, अमलीडीह क्षेत्र में भी डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए गाड़ियां भेजी जा रही हैं।

**टॉप 10 में आने तैयारी इस तरह से :** 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहर की श्रेणी में देश के सबसे स्वच्छ शहर की टॉप टेन रैंकिंग में आने के लिए रायपुर नगर निगम ने तैयारी पूरी कर रखी है। इसके अंतर्गत शहर के प्रमुख मार्गों की मेकेनाइज्ड तरीके रोड स्वीपिंग मशीन से रात्रिकालीन नियमित सफाई, खारुन नदी को दूषित होने से बचाने कारा, निमोरा और चंदनीडीह साइट में अमृत मिशन के तहत 3 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से गंदे पानी का उपचार शामिल है।

## भाजपा का दावा झूठा पंचायत चुनावों के पहले चरण में कांग्रेस को बढ़त

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने दावा किया कि प्रदेशभर में त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के प्रथम चरण में कांग्रेस समर्थित जिला पंचायत के सदस्य अधिक संख्या में चुनाव जीत कर आये हैं। पूरे प्रदेश की जिला पंचायतों में प्रथम चरण के 149 क्षेत्रों में कांग्रेस के 78 समर्थित चुनाव जीत कर आये है। 69 कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवार तथा 9 कांग्रेस समर्थित हैं, जबकि भाजपा के मात्र 66 सदस्य ही चुनाव जीत पाये हैं। कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने कहा, भाजपा झूठा दावा कर रही है कि पंचायतों में उसके ज्यादा लोग चुनाव जीतकर आये हैं, जबकि हकीकत यह है पंचायत चुनाव में कांग्रेस को भाजपा से बढ़त मिली हुई है। कांग्रेस के प्रथम चरण में भाजपा से 12 सदस्य ज्यादा चुनाव जीते हैं।


सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
ऑपरेशन द्वारा ईलाज
नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
दांतो की नसों का इलाज
दांतों की सफाई व चमकाना
दंत प्रत्यारोपण
मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### वैवाहिक कार्यक्रम छोड़ किया मतदान

**जामगांव आर।** लोकतंत्र में मतदान के लिए सजग युवा सौरभ राठी जामगांव आर ने ससुराल के वैवाहिक कार्यक्रम में मनाए जाने वाले अपने एनवर्सरी उत्सव का त्याग कर दूसरे दिन गुरुवार 20 फरवरी 2025 को मतदान करने के बाद कोंडागांव पहुंचकर अपनी पत्नी प्रिया से कहा कि पहले मतदान फिर सारा जश्न। युवा सौरभ राठी माहेश्वरी युवा संगठन के प्रांत संयोजक है। राठी की इस सोच को सभी ने सराहा।

### बाइक व स्कूटी में भिड़ंत, एक घायल

**बालोद।** अर्जुन्दा मटिया रोड में मोड के पास बाइक और स्कूटी में भिड़ंत हो गई। इससे स्कूटी सवार अर्जुन्दा निवासी 50 वर्षीय रविकांत देवांगन का पैर फैक्चर हो गया है। घायल व्यक्ति को संजीवनी 108 के माध्यम से अर्जुन्दा के स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया, जहां से राजनादगांव रिफर कर दिया गया।

### सूने मकान से नकदी व जेवर सहित 10 लाख की चोरी

**बालोद।** गुण्डरदेही नगर में चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाकर लगभग 10 लाख रुपए पर हाथ साफ कर दिया। गुण्डरदेही थाने में शिकायत के बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। ग्राम बिरेतरा द्वारिका प्रसाद गांधी ने पुलिस को बताया कि भतीजा पवन गांधी अपने परिवार के साथ कन्हैया विहार कालोनी गुण्डरदेही में स्वयं के मकान में रहता है। वह 16 फरवरी को अपने पूरे परिवार सहित प्रयागराज उत्तरप्रदेश गया है। 18 फरवरी की देर रात से 19 फरवरी की सुबह तक भतीजे के घर के सामने गेट एवं भीतर दरवाजा में लगे तालों को तोड़कर किसी अज्ञात व्यक्ति ने कमरे में आलमारी एवं लॉकर में रखे नकदी 4 लाख 65 हजार रूपये एवं 5 लाख 25 हजार रूपये के सोने चांदी का आभूषण को चोरी कर ले गया है। चोरी गए आभूषणों में एक नग सोने की चैन, दो नग सोने की हार, एक नग सोने की मंगलसूत्र, दो नग सोने की अंगूठी, चार जोड़ी कान की सोने की टॉप, करीब 20 नग चांदी का सिक्का, एक नग चांदी का लोटा, चार नग चांदी का गिलास एवं एक नग चांदी की थाली शामिल है।

### शहर में दिन और रात का तापमान सामान्य से ज्यादा

**भिलाई।** ट्विनसिटी में दिन और रात का तापमान इस समय सामान्य से ज्यादा है। इस वजह से गर्मी महसूस होने लगी है। हवा भी गर्म हो चली है। अधिकतम तापमान में वृद्धि और न्यूनतम तापमान में कमी के संकेत हैं। बुधवार को दुर्ग जिले के दिन का तापमान 35 डिग्री के करीब रहा। यह सामान्य से करीब चार डिग्री अधिक है। वहीं न्यूनतम तापमान 17.2 डिग्री रिकार्ड किया गया। यह सामान्य से 0.4 डिग्री कम रहा। दुर्ग के अलावा आसपास के अन्य जिलों और शहरों में भी इस समय दिन और रात का तापमान सामान्य से अधिक बना हुआ है।

**प्रवचन :** काल भैरव देऊर मंदिर प्रांगण में पं ज्ञानेश्वर ने बताया श्रीमद् भागवत कथा का माहात्म्य

# भागवत कथा ही एक मात्र साधन है, जो जीव को संतुष्टि एवं आनंद की अनुभूति कराती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

जीव का जन्म ही मृत्यु की आगोश में होता है, जो जन्म लिया है उसकी मृत्यु निश्चित है। हर क्षण शरीर क्षीण होता है। जन्म के साथ ही भगवान ने उसका प्रालब्ध भी तय कर दिया है। जो प्रालब्ध में है वह होना ही है। भगवान की कृपा होने पर परमपद को प्राप्त किया जा सकता है।

उक्त बातें नगर के काल भैरव देऊर मंदिर प्रांगण में गुरूवार से प्रारंभ श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा के दौरान व्यास पीठ से भागवताचार्य पंडित ज्ञानेश्वर प्रसाद पाण्डेय बगदई वाले ने कही। पंडित ज्ञानेश्वर प्रसाद ने कथा के प्रथम दिवस भागवत की महिमा एवं उसके प्रभाव का वर्णन करते हुए कहा में सभी ग्रंथों का सार है। आनंद उत्सव की प्राप्ति करना है, तो भगवत कथा श्रवण करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मानव की अभिलाषा असीमित है। जो वस्तु हमारे पास नहीं है, जीव उसकी अभिलाषा करता है। उसकी प्राप्ति के बाद भी जीव संतुष्ट नहीं होता, उससे अधिक की चाह रखता है, जिससे जीव सुखी व आनंद से नहीं रह सकता। भागवत कथा ही एक मात्र साधन है, जो जीव को संतुष्टि एवं आनंद की अनुभूति कराता है। उन्होंने कहा कि हम भगवान से वह मांगते हैं, जो भगवान ने बिना मांगे ही प्रारब्ध में लिख रखा है। उससे कम ज्यादा नहीं हो सकता। लेकिन, जब हम भगवान पर विश्वास कर, भक्तिभाव से भगवान की शरण, भगवान की आश्रय प्राप्त करने की कामना करते हैं, तो भगवान हमें वह सब कुछ दे देते हैं, जो हम चाहते हैं। मन में संतुष्टि एवं आनंद की प्राप्ति होती है।




**प्रतिदिन विष्णु सहस्रनाम पाठ व दीपदान करें**

भागवत कथा स्थल पर भक्तों द्वारा पितरों एवं कुल देवों की प्रसन्नता के लिए पोथी स्थापना कर अराधना की जा रही है। प्रतिदिन प्रातः विष्णु सहस्रनाम का पाठ एवं भगवान विष्णु का अभिषेक किया जा रहा है। प्रतिदिन भागवत कथा के बाद महाकुंभ के पावन पर्व पर भक्तों द्वारा शिव मंदिर प्रांगण में संध्या 6:30 बजे दीपदान किया जा रहा है।

**प्रतिदिन 1 बजे से 6 बजे तक हो रही कथा :** कथा वाचन बगदई के पंडित ज्ञानेश्वर प्रसाद पाण्डेय द्वारा किया जा रहा है। परायणकर्ता पंडित कामेश महाराज हैं। समस्त अनुष्ठान मंदिर के आचार्य पंडित सुरेश पाण्डेय के मार्गदर्शन में हो रहा है। कथा प्रतिदिन 1 बजे से 6 बजे तक होगी। भगवान विष्णु का अभिषेक व विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ प्रतिदिन सुबह 9:30 से 11 बजे तक किया जा रहा है।





## बघेरा में गूंज रहा श्रीराम का गुणगान

- रामकथा के दौरान श्रीराम के जनकपुर प्रस्थान प्रसंग पर प्रस्तुत की गई लीला

**अंडा।** बघेरा दुर्ग वार्ड क्रमांक 56 साईं नगर में 9 दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है।

संत श्री निरंजन महाराज जी लिमतरा आश्रम के मार्गदर्शन से कथा व्यास श्रध्देय आचार्य स्वामी परमेश्वर महाराज लिमतरा वाले राम कथा का वर्णन कर रहे हैं। इस दौरान श्रीराम बाल लीला से जनकपुर प्रस्थान का मंचन किया गया। लीला में भगवान राम का बाल्यकाल विश्वामित्र द्वारा राम को दशरथ से ऋषि मुनियों की रक्षा के लिए मांगना, ताड़का वध, सुबाहु वध कर भगवान ने ऋषियों की रक्षा की लीला का मंचन किया गया। उसके बाद जनकपुर में सीता स्वयंवर का न्योता आने पर राम लक्ष्मण सहित विश्वामित्र ने जनकपुर की ओर प्रस्थान किया। दर्शकों ने रामलीला का भरपूर आनंद उठाया और कहा कि रामलीला का मंचन करने का मतलब है कि भगवान राम के आदर्शों को अपनाना। उन्होंने अपने पिता के लिए 14 साल वनवास काटा। राम कथा में पुरोहित मार्तण्ड सिंह, राजेश्वरी राजपूत, मेघा सिंह राजपूत, सौरभ प्रताप सिंह राजपूत, विक्की राजपूत सहित नगरवासी आनंद उठा रहे हैं।

## माता-पिता ने पुत्र के जन्मदिन पर कराया न्योता भोज...



**डौण्डीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला सहगांव में छत्रपाल देवांगन व भिनेश्वरी देवांगन ने अपने पुत्र चंदन देवांगन के जन्मदिन पर नेवता भोज कराया। नेवता भोज में चावल दाल सब्जी के साथ खीर पूड़ी व पापड़ परोसा गया। इस अवसर पर विद्यालयीन स्टॉफ के एल चुरेंद्र, शरद मालेकर, नीलिमाराम होम लाल पटेल प्रीति चौहान, विजय कुमार पटेल, गिरीश कुमार निर्मोही, केशर अलेंद्र दीपा आमदो, भागवत तारम सुरेखा यामले, दुलौरीन सहारा, लीला यादव, भागवत ठाकुर, नसीद टेमार्य, गोविंद सिंह चुरेंद्र, कविता पिस्दा उपस्थित थे।

## दूल्हे ने पहले निभाया मतदान का कर्त्तव्य, फिर रवाना हुई बारात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

- गातापार मतदान केंद्र में युवा मतदाता मनीष ने समझाया मताधिकार का महत्व

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पहले मतदान फिर विवाह का नजारा दिखने को मिला। दाम्पत्य जीवन में कदम रखने से पहले मनीष कुमार साहू ने मतदान कर जहां अपने मताधिकार का प्रयोग किया, वहीं अपने कर्त्तव्य का निर्वहन किया। उन्होंने गातापार मतदान केंद्र पहुंचे पहले मतदान किया और फिर दुल्हन को लेने बारात लेकर निकले। इस अवसर पर मतदान केंद्र में भाजपा जामगांव आर मंडल निवर्तमान अध्यक्ष लालेश्वर साहू सहित मतदान केंद्र सहयोगी उपस्थित रहे। लोकतंत्र में युवा की इस सोच ने सबका दिल जीत लिया। सबने उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की। निवर्तमान भाजपा मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने कहा कि मनीष कुमार का पहले मतदान फिर परिणय बारात परिवार की संस्कार देश प्रेम को जग जाहिर करता है। घर में रहकर भी वोट नहीं डालने वालों के लिए इस युवा ने सीख दी है कि प्रत्येक देशवासी मतदान कर देश के लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभाए।



### जमरुवा में बारात से पहले दूल्हे ने किया मतदान

**बालोद।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में बालोद ब्लॉक के मतदान केंद्रों में मतदाताओं की भारी भीड़ उमड़ी। बूथ क्रमांक 160 जमरूवा में बारात निकलने से पहले दूल्हा वोट डालने पहुंचा। दूल्हे ने उन्होंने कहा कि मतदान करना ज्यादा जरूरी था।

## जिपं के 5 नवनिर्वाचित सदस्यों को सीईओ ने प्रदान किया प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- सारणीकरण के बाद की गई विजयी प्रत्याशियों की घोषणा

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. संजय कन्नौजे ने त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के प्रथम चरण के अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य पद के लिए नवनिर्वाचित सदस्यों को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत एवं रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. संजय कन्नौजे ने जिला पंचायत सभाकक्ष में सारणीकरण के उपरांत विजयी प्रत्याशियों की विधिवत घोषणा करने के पश्चात जिले के डौण्डीलोहारा एवं डौण्डी विकासखण्डों के 05 जिला पंचायत क्षेत्र के नवनिर्वाचित सदस्यों को निर्वाचन का प्रमाण पत्र प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के प्रथम चरण के अंतर्गत जिले के डौण्डीलोहारा एवं डौण्डी विकासखण्डों में प्रथम चरण का मतदान एवं मतगणना 17 फरवरी को संपन्न हुआ था। जिसका सारणीकरण जिला पंचायत सभाकक्ष में रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. संजय कन्नौजे एवं अन्य अधिकारियों, अभ्यर्थियों एवं अभिकर्ताओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

इस दौरान रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. संजय कन्नौजे द्वारा जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 06 के नवनिर्वाचित सदस्य प्रभा रामलाल नायक, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 07 के नवनिर्वाचित सदस्य चुन्नी मानकर, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 08 के नवनिर्वाचित सदस्य राज राम तारम, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 के नवनिर्वाचित सदस्य नीलिमा श्याम एवं जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 के नवनिर्वाचित सदस्य मिथलेश निरोटी को निर्वाचन का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।





## ग्राम चिंगरी में मनाई गई छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत चिंगरी में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई गई।

इस अवसर पर नवनिर्वाचित सरपंच पुष्पा वाघमारे, नवनिर्वाचित जनपद सदस्य बेला यादव, पूर्व सरपंच पुष्पा देवी देशमुख, डॉ. केएल दिल्लीवार, मालिक राम साहू, बेदनाथ भारद्वाज, सुरेन्द्र हरदेल, राजेन्द्र देशमुख, बुद्धेश्वर देशमुख, बाला राम देशमुख, पोषण साहू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।





## तेज रफ्तार बस ने बच्ची को रौंदा, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- रनचिरई थाना क्षेत्र के ग्राम बेलटिकरी में बुधवार शाम हुई दुर्घटना
- घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

मजदूरों को लाने-ले जाने वाली बस के चालक ने तेजगति एवं लापरवाही पूर्वक बस चलाते हुए ग्राम बेलटिकरी में तीन साल की एक बच्ची को रौंद दिया। दुर्घटना में बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई।उसके बाद परिजनों व ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए सड़क जाम कर दिया, जहां पुलिस के पहुंचने के बाद स्थिति पर काबू पाया गया।

रनचिरई थाना क्षेत्र के ग्राम बेलटिकरी में बुधवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। जहां सुमित ट्रेवल्स की तेज रफ्तार बस ने तीन साल के मासूम जाहिद भारती पिता प्रदीप भारती को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने सड़क पर उतरकर हंगामा किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह बस ग्राम कसौंदा स्थित एक निजी फैक्ट्री में मजदूरों को लाने–ले जाने का काम करती है। ग्रामीणों के अनुसार वाहन तेज रफ्तार में था, जिससे चालक कंट्रोल नहीं कर पाया। दुर्घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने बस चालक को पकड़कर उसकी पिटाई कर दी। साथ ही वे मुआवजे की मांग को लेकर देर रात तक प्रदर्शन करते रहे। घटना की सूचना पाकर एसडीओपी और थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को शांत कराने का प्रयास किया। मासूम जाहिद भारती की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया है। पिता प्रदीप भारती और परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई है।



### मामला दर्ज, बस जब्त

रनचीराई थाना प्रभारी राधा बोरकर ने बताया कि बस चालक के खिलाफ धारा 106(1) के तहत मामला दर्ज कर बस को जब्त कर लिया गया है। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि दोषी चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 15,500/
रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
19 मार्च से 29 मार्च 2025, 09 अप्रैल से 19 अप्रैल 2025,
07 मई से 17 मई 2025, 04 जून से 14 जून 2025
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि:-स्लीपर-15500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport